बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-110
28/02/2019

# मुख्यमंत्री ने इस्लामपुर में किया विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास

पटना, 28 फरवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नालंदा जिले के इस्लामपुर स्थित पशु हाट में 439.471 लाख रुपये की लागत से पूर्ण हुई 3 योजनाओं का उद्घाटन एवं 37754.713 लाख रुपये की लागत वाली 40 योजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव श्री अमृत लाल मीणा सहित स्थानीय नेताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को पुष्प–गुच्छ, अंगवस्त्र भेंट करने के साथ ही फूलों की बड़ी माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी इतनी बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल हुए है, मैं इसके लिए आपका अभिनंदन करता हूँ। उन्होंने कहा कि आपलोगों ने हमें जो प्रेम और सम्मान दिया है, मैं उसे जीवन भर नही भूलूंगा और आप जब तक चाहेंगे, तब तक आपकी सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि 2012 में ही हमने यहां बाईपास बनाने का निश्चय किया था लेकिन जमीन अधिग्रहण में हो रही मुश्किलों के कारण यह संभव नहीं हो सका था, जिसे अब सुलझा लिया गया है और आज उसका शिलान्यास भी हो गया है। इसकी प्राक्कलित राशि है 227 करोड़ 38 लाख रूपये है और इसके लिए 30 मीटर चौड़ाई का भू–अर्जन होगा। उन्होंने कहा कि न्याय के साथ विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता है, जिसका मकसद है हर तबके और हर इलाके का विकास करना। वह चाहे किसी भी जाति, धर्म, समुदाय से जुड़े हों।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार पहला राज्य है, जहाँ पंचायती राज संस्थाओं और नगर निकाय चुनावों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया। बालिकाओं को मिडिल और हाई स्कूल तक पहुंचाने के लिए हमने पोशाक योजना के बाद साइकिल योजना की शुरुआत की। जब हमने साइकिल योजना की शुरुआत की थी, उस समय 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली लड़कियों की संख्या 1 लाख 70 हजार से भी कम थी, जो अब बढ़कर 9 लाख के करीब हो गई है। जब लड़कियां समूह में साइकिल चलाती हुईं स्कूल जाने लगीं तो इससे लोगों की मानसिकता में बदलाव आया और पूरा परिदृश्य बदल गया। लड़कियों का सशक्तिकरण हुआ और उनके अरमानों को पंख लग गये। उसके बाद जगह–जगह से लड़कों ने भी मांग शुरू की, जिसे देखते हुए लड़कों को भी साइकिल योजना का लाभ दिया जाने लगा। उन्होंने कहा कि अब तो हाई स्कूल और मैट्रिक की परीक्षा में लड़कों के बराबर लड़कियों की संख्या हो गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने कन्या उत्थान योजना की शुरुआत की है, जिसके जरिये लड़की पैदा होने पर उसके माता–पिता के खाते में जन्म के समय दो हजार रूपये, एक साल बाद आधार से जुड़ने पर एक हजार रूपये और दो वर्ष बाद सम्पूर्ण टीकाकरण होने पर दो हजार रुपये देने की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। बेटी पैदा होने पर लोगों के मन में खुशी का भाव हो, इसके लिये कई योजनाओं की शुरुआत की गई है। इंटर पास करने वाली प्रत्येक अविवाहित लड़की को 10 हजार रूपये और ग्रेजुएट करने वाली हर लड़की को 25

हजार रुपये दिये जा रहे हैं। बिहार में 8 लाख जीविका समूहों का निर्माण हो गया है, जिससे 96 लाख परिवार जुड़े हुए हैं और हमारा लक्ष्य 10 लाख जीविका समूह बनाने का है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं की मांग पर हमने शराबबंदी लागू की। इसका सबसे ज्यादा लाभ गरीबों को मिला है, जो अपनी गाढ़ी कमाई शराब में लुटा देते थे इसलिए इसके प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। हर जगह बिजली के खंभे पर टेलीफोन नंबर लिखवाया गया है, जिसके माध्यम से आप सरकार को गड़बड़ी करने वालों की सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखा जाएगा और तीन से चार घंटे के अंदर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि सात निश्चय योजना के तहत 2 अक्टूबर 2019 तक हर घर तक शौचालय निर्माण कराने का लक्ष्य हमलोगों ने निर्धारित किया है। सात निश्चय योजना की शुरुआत कर स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के माध्यम से इंटर से आगे की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए 4 लाख रुपये तक के शिक्षा ऋण का प्रावधान किया गया है, जिसका लाभ विद्यार्थी उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुशल युवा कार्यक्रम के तहत 240 घंटे के प्रशिक्षण के दौरान मिलने वाले कम्प्यूटर ज्ञान, व्यवहार कौशल, संवाद कौशल का लाभ अब तक लाखों युवा उठा चुके हैं और सवा लाख लोगों की ट्रेनिंग चल रही है। जनसभा में शामिल लोगों से आग्रह करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी अपने बच्चों को पढ़ाइये। बच्चों को पढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने जनसभा में मौजूद लोगों को हाथ उठाकर संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि समाज में प्रेम, शांति और सद्भाव कायम रहेगा, तभी विकास का पूरा लाभ मिलेगा। यह ज्ञान की भूमि है इसलिए पढ़ने में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2015 में सात निश्चय योजना के तहत हर घर तक पक्की गली–नाली निर्माण, हर घर नल का जल, हर घर शौचालय जैसे अन्य कई निश्चय तय किये गए हैं। इनमें से महिलाओं को सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत का आरक्षण फरवरी 2016 में ही दे दिया गया है। वहीं 25 अक्टूबर 2018 को ही हर इच्छुक परिवार तक बिजली का कनेक्शन पहुंचा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस साल के अंत तक अलग कृषि फीडर के निर्माण एवं बिजली के जर्जर तारों को बदलने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक आधार पर सवर्ण जातियों के लिए जो केंद्र ने 10 प्रतिशत के आरक्षण का प्रावधान किया है। उस संबंध में बिहार सरकार ने कानून बनाकर नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। हमलोगों ने मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना शुरू की है, जिसके माध्यम से बिहार के 60 साल से ऊपर के हर व्यक्ति वे चाहें स्त्री हो या पुरुष, जिन्हें सरकारी पेंशन नहीं मिल रहा है, उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सबके बीच आकर मन में संतोष का भाव होता है। उन्होंने कहा कि इस्लामपुर नगर का यह जो पशु हाट है, इसकी चहारदीवारी कराकर यहाँ एक कम्युनिटी हॉल का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा सुभाष हाई स्कूल मैदान में स्टेडियम का निर्माण कराया जाएगा। जनसभा में शामिल लोगों से अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी धर्मों का आदर करते हुए आप सब प्रेम सद्भाव एवं भाईचारे के साथ रहिएगा, तभी समाज आगे बढ़ेगा और विकास का पूरा लाभ मिलेगा।

जनसभा को ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार, सांसद श्री कौशलेंद्र कुमार, विधायक श्री चन्द्रसेन प्रसाद ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर विधायक श्री जितेंद्र कुमार, विधान पार्षद श्री हीरा प्रसाद बिंद, विधान पार्षद श्रीमती रीना राय, पूर्व विधायक श्रीमती प्रतिमा सिन्हा, इस्लामपुर नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमती संगीता साहू, जदयू जिलाध्यक्ष श्री बनारस प्रसाद सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक श्री राजेश कुमार, जिलाधिकारी श्री

योगेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री नीलेश कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

******